FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट पुलिस मुठभेड थाना रसूलपुर दिनांक 09.08.2026 जनपद फिरोजाबाद।

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना रसूलपुर पुलिस व एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा छिनैती की घटना कारित करने वाले अभियुक्त सन्दीप को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।**

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 03 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, घटना में छीने गए कानों के 02 कुंडल, 01 मोटरसाइकिल, 1200 रुपये बरामद।**
- **अभियुक्त सन्दीप पुलिस मुठभेड के दौरान गोली लगने से हुआ घायल।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

दिनांक 09-08-2026 को वादी द्वारा थाना रसूलपुर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 08-08-2026 को वादी की माता जी गेंदा लाल की ठार खंजापुर के पास स्थित अमरुद के बाग में झोपड़ी में बैठकर बाग की रखवाली कर रही थी। तभी एक व्यक्ति पीछे खेत की तरफ से आया तथा वादी की माता जी के कान के कुंडल छीनकर भाग गया। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 418/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में घटना के अनावरण हेतु थाना रसूलपुर व एसओजी / सर्विलांस सहित विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 09-08-2026 को थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी / सर्विलांस टीमों द्वारा मोढ़ा तिराहा के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 418/26 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त सन्दीप पुत्र मन्टीलाल मोतीनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद के रुप में हुई है। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा, व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 कानों के कुंडल, 01 पल्सर मोटरसाइकिल व 1200/- रूपये नगद बरामद हुए है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -**

1.सन्दीप पुत्र मन्टीलाल निवासी मोतीनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी विवरण -**

1. 01 तमंचा 315 बोर।
2. 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. घटना में छीने गए कानो के 02 कुण्डल।
5. 01 मोटरसाइकिल पल्सर।
6. 1200/- रुपये।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सन्दीप -**

1.मु0अ0सं0 418/26 धारा 304(2) बीएनएस थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।

**गिरफ्तार / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. नि0 श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. नि0 श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 निशांत कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 रिंकू कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 712 शैलेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 123 भूपेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 610 विवेक कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 690 प्रिंसराज कम्बोज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 1538 सचिन कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 645 मोहित कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 950 फिरोज आलम थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।